उत्तराखंड: दोबारा बर्फबारी से श्रीहेमकुंड साहिब का रास्ता बंद हुआ, अब 25 मई को खुलेंगे कपाट

देहरादून | उत्तराखंड के चमोली स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट 25 मई को खुलेंगे। लेकिन सोमवार को हुई बर्फबारी से धाम के कपाट खोलने का काम रुक गया है। हेमकुंड साहिब तक पहुंचने के लिए कई ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है।

इजराइल : हमास के हमले में मारे गए लोगों का डिजिटल स्क्रीन पर डिस्प्ले, लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे

येरूशलम | इजराइल की राजधानी ये रूशलम में मेमोरियल डे के अवसर पर 7 अक्टूबर को हमास के हमले में मारे गए 1500 लोगों का डिजिटल स्क्रीन लगाया गया। लोग इन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके अलावा हमास ने करीब 150 लोगों को बंधक भी बनाया है। उनमें भी कई की मौत हो गई है।

पहले पेज के शेष

12वीं : 14 लाख बच्चों में से 100% वाले...

दक्षिण का जलवा, पांचों राज्यों में 96 से 99.91% बच्चे पास- ▪ केरल के बाद तेलंगाना में 99.15%, आंध्र में 98.96%, तमिलनाडु में 98.74% और कर्नाटक में 96.95% बच्चे पास। ▪ पेंटिंग के बाद कैमिस्ट्री में 2152, कंप्यूटर साइंस में 987, मैथमेटिक्स में 722, बायोलॉजी में 530, साइकोलॉजी में 2097, पॉलिटिकल साइंस में 1024, जियोग्राफी में 396, सोशियोलॉजी में 226, इकोनॉमिक्स में 256, अकाउंटेंसी में 1176 स्टूडेंट्स को 100 में 100 अंक मिले। ▪ उप्र में 79.1%, दिल्ली में 94.95%, बिहार में 79.22%, छत्तीसगढ़ में 79.59%, गुजरात में 92.02%, राजस्थान में 88.73%, पंजाब में 91.94%, हिमाचल में 94.53%, हरियाणा में 89.94%, झारखंड में 90.31% पास हुए।

राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र समेत ...

इसमें 3049, सोशल साइंस में 5092, इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिट्रेचर में 3319, हिंदी में 2627, साइंस में 2247, तमिल भाषा में 2129 और गणित बेसिक में 713 बच्चों को 100 में 100 मिले। ▪ उप्र में 4 लाख बच्चे बैठे थे, 91.55% पास। दिल्ली के 93.94%, गुजरात के 97.73%, हिमाचल के 97.26%, महाराष्ट्र के 96.53%, राजस्थान के 96.84%, पंजाब के 95.55%, बिहार के 92.89%, हरियाणा के 91.65%, मप्र के 90.58%, छत्तीसगढ़ के 89.91% छात्र कामयाब रहे।

ब्रिटेन: ग्रेजुएट रूट वीसा बंद, 91 हजार ...

बता दें कि 2021 में शुरू हुए ग्रेजुएशन वीसा रूट से भारतीय और अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों को मास्टर्स की पढ़ाई पूरी होने के दो साल बाद तक ब्रिटेन में रहने और जॉब करने की अनुमति मिलती है। छात्रों को ग्रेजुएशन वीसा मिलने से उनका इमिग्रेशन का दावा मजबूत होता है। क्योंकि पढ़ाई के बाद दो साल के स्टे की छूट मिलने से इन छात्रों को स्किल्ड वर्कर की कैटेगरी मिल जाती है। भारतीय छात्रों में से लगभग 80% यहां मेडिकल, इंजीनियरिंग अथवा लॉ की पढ़ाई के लिए आते हैं। पढ़ाई के बाद इन्हें एक्सटेंडेड स्टे के दौरान स्किल्ड वर्कर के समान सैलरी मिलती है। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लैवरली का कहना है कि देखने में आया है कि इस वीसा का इस्तेमाल छात्र इमिग्रेशन पाने के लिए करते हैं।

विरोध क्यों... फीस के 2 लाख करोड़ रु. मिलने बंद होंगे, इकोनॉमी पर असर- तीन साल में 6 लाख छात्रों को एंट्री मिली थी। पूर्व शिक्षा मंत्री निक्की मोर्गन का कहना है हर साल फीस के दो लाख करोड़ रुपए मिलने बंद होंगे। इकोनॉमी पर भी असर पड़ेगा। सेंट एंड्रूज यूनिवर्सिटी की चांसलर सैली मैपस्टोन का कहना है कि भारतीय छात्र मेडिकल-इंजीनियरिंग जॉब्स में बड़ा योगदान देते हैं।

कर्नाटक ने तोड़ी मध्यप्रदेश की उम्मीद

सेमीफाइनल में मेजबान टीम को मिली हार

खेल संवाददाता | इंदौर

मेजबान मध्यप्रदेश की बालिका टीम को जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक सेमीफाइनल में मात्र एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। कर्नाटक की टीम ने मप्र को 63-62 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एमरल्ड हाइट्स स्कूल में खेली जा रही स्पर्धा में मप्र की ओर से कप्तान गुनवी अग्रवाल ने 16, अनन्या माहेश्वरी ने 14, खुशी पाल सिंह ने 8 अंक बनाए।

कर्नाटक की टीम के लिए अदिति सुब्रह्मण्यम ने 21, आद्या गौड़ा ने 15, आद्या नागलिंगा ने 12 अंक बनाए। एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब ने महाराष्ट्र को 68-66 अंकों से हराया। पंजाब टीम के लिए नादर डिल्लन ने 23, कोमलप्रीत कौर ने 22, चंदा गौतम ने 14 अंकों का सहयोग दिया। महाराष्ट्र के लिए अनन्या भावसार ने 24 और लुईसा शर्मा ने 12 अंक जुटाए। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में राजस्थान ने एकतरफा अंदाज में उत्तर प्रदेश को 84-59 अंकों से शिकस्त दी। विजेता टीम के लिए कप्तान मोहम्मद ईशान ने सबसे ज्यादा 26 अंक बनाए। वहीं मयंक जावा ने 20 अंक और नितेश कुमार ने 17 अंक बनाए। उत्तर प्रदेश के लिए कप्तान कुणाल कुमार सिंह ने एकांकी प्रयास करते हुए 26 अंक बनाए। अन्य खिलाड़ी उल्लेखनीय योगदान नहीं दे सके।

टेनिस: रहस्य, हितार्थ, हर्षिता, आयरा प्री क्वार्टर फाइनल में

इंदौर | मध्यप्रदेश के रहस्य बाहरी, हितार्थ सुराना, हर्षिता विश्वकर्मा, आयरा लोदी ने ऑल इंडिया सबजूनियर टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही स्पर्धा के बालक एकल में रहस्य बाहरी (म.प्र.) ने युग जैन (म.प्र.) को 6-2, 6-1, हितार्थ सुराना (म.प्र.) ने अलमीर अली वारसी (म.प्र.) को 6-3, 6-4, हुसैन सैफी (म.प्र.) ने निकुंज पाटीदार (म.प्र.) को 6-0, 6-4, ऋषभ रावलह (महा.) ने शिवांश अग्रवाल (म.प्र.) को 6-0, 6-1, रुद्र पटवर्धन (महा.) ने ऋषि चौधरी (महा.) को 6-1, 6-3, कृशिव पटेल (महा.) ने ओजस मिश्रा (म.प्र.) को 6-1, 6-1 से हराया। बालिका एकल में हर्षिता विश्वकर्मा (म.प्र.) ने आन्या खान (म.प्र.) को 6-0, 6-1 और आयरा लोदी (म.प्र.) ने दिव्यांशी अग्रवाल (म.प्र.) 6-4, 6-0 को पराजित किया। शुभारंभ प्रमोद कुमार जैन और अर्जुन धूपर ने किया। इस मौके पर इरफान अहमद भी मौजूद थे।

अमलतास क्लब ने जीती भदौरिया ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट स्पर्धा

इंदौर | अमलतास क्लब ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए नरेंद्र सिंह भदौरिया स्मृति टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में अमलतास क्लब ने एमवायसीसी को 5 विकेट से पराजित किया। इंडेक्स ग्रुप द्वारा आयोजित स्पर्धा में अमलतास ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एमवायसीसी ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट विकेट पर 148 रन बनाए। अंशुल ने 35 रन बनाए। सद्दाम और मोहित ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में अमलतास क्लब ने 5 विकेट पर 149 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। शादाब ने 58 और शुभम ने 29 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमलतास की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने अपने शुरुआती 3 विकेट मात्र 11 रनों पर गंवा दिए। शुभम और शादाब पारी को संभालते हुए मैच को आगे बढ़ाया। अंत में विवेक चौधरी ने 25 गेंदों में 40 रन की शानदार पारी खेलकर अमलतास को जीत दिला दी। समर्थ और अंशुल ने दो-दो विकेट हासिल किए। विजेता टीम को स्पर्धा संयोजक सुरेश भदौरिया, वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया और एडिशनल डायरेक्टर आरसी यादव ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर कोच अंजन हलधर भी मौजूद थे।

जैकेट के शेष

अपराध की नई भाषा; कत्ल नहीं ...

फरियादी : आवेदक, शिकायतकर्ता, **हलफनामा** : शपथ पत्र, **फैसला** : निर्णय , **फौत** : मृत्यु, **सजा/बरी** : दोषसिद्ध/दोषमुक्त, **मुकीम** : रुकना, ठहरना, **माकूल** : उचित, **मुल्जिम/मुजरिम** : आरोपी/अपराधी, **अदम चैक** : असंज्ञेय, पुलिस हस्तक्षेप, अयोग्य अपराध की सूचना, **जुर्म, (जरायम) दफा** : अपराध, धारा, **आमद/रवाना** : रवानगी आगमन, प्रस्थान, **इजाफा** : वृद्धि, बढ़ाना, **कायमी** : पंजीयन, **कैफीयत/मजनून/तफसील** : विवरण, विस्तृत विवरण, **इत्तिला/इत्तिलान** : सूचना/सूचनार्थ इमरोजा : आज दिनांक, **इमदाद** : मदद सहायता, **तामील/अदम तामील** : सूचना/सूचित न होना, **म्याद** : समय सीमा, अवधि, **खारिज/खारिजी** : रद्द/निरस्त/निरस्तीकरण, **खून आलूदा** : रक्त रंजित, रक्त से सना हुआ, **खैरियत** : कुशलता, **गवाह/गवाहन** : साक्षी/साक्षीगणद्य, **जमानत/मुचलका** : प्रतिभूति/बंध पत्र, **जप्त** : अभिग्रहण, अधिग्रहण, **जरिए** : माध्यम, **तहत** : अंतर्गत, **जख्म/जख्मी/मजरूब** : चोट, घाव/घायल, आहत, **ताकीद/हिदायत** : चेतावनी, समझाइश, **तफतीश कुनिंदा** : विवेचक, अनुसंधानकर्ता, अन्वेषक, **तब्दील** : परिवर्तित, परिवर्तन, **थाना हाजा** : आरक्षी केंद्र पर उपस्थित, **दस्तावेज** : प्रपत्र अभिलेख, **दस्तयाब** : खोज लेना, बरामद, **दीगर** : अन्य दूसरा, **मौका-ए-वारदात** : घटनास्थल, **नजीर** : दृष्टांत, **परवाना** : परिपत्र, अधिपत्र, **मशरुका** : संपत्ति मुतफर्रिक : विविध, **मर्ग** : अकाल मृत्यु, **मंजूरशुदा** : स्वीकृत, **शिनाख्त** : पहचान सहवन : भूलवश, त्रुटिवश, **सबूत** : साक्ष्य, प्रमाण, **सकुनत/साकिन** : पता/निवास, **संगीन** : गंभीर, **हिकमत अमली** : विवेकानुसार, **हमराह** : साथ में, **हस्ब जेल** : उपरोक्तानुसार, के अनुसार, **आला जरब, आला जरर, आला ए कत्ल** : घटना, अपराध या हत्या में प्रयुक्त हथियार, **गोशवारा** : नक्शा, **दस्तंदाजी/अदम दस्तंदाजी** : संज्ञेय/असंज्ञेय

96 सीटें; इस चुनाव में पहली बार 68% तक पहुंची वोटिंग...

विधायक को थप्पड़

▪ आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर पार्टी के विधायक वीएस शिवकुमार ने बूथ पर एक मतदाता को थप्पड़ जड़ दिया। मतदाता ने भी विधायक को थप्पड़ मारा।

बुर्का हटवाने पर केस

▪ हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने बूथ पर महिलाओं का बुर्का हटवाकर वोटर आईडी जांचा। उन पर केस दर्ज। वे बोलीं- बतौर प्रत्याशी ये मेरा अधिकार है।

श्रीनगर में 28 साल का रिकॉर्ड टूटा, 6 राज्यों में 60% से ज्यादा मतदान

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हो रहे पहले लोकसभा चुनाव में हुई जबर्दस्त वोटिंग ने 28 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर सीट पर सोमवार शाम 5 बजे तक 37.93% मतदान हुआ। यहां कुल 17.48 लाख वोटर हैं और 24 प्रत्याशी मैदान में थे। इससे पहले, 2019 में 14.1%, 2014 में 25.9% और 1996 में 40.94% वोटिंग हुई थी। भाजपा ने पहली बार यहां से कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा था। बाकी 9 राज्यों में से 6 में 60% से ज्यादा मतदान हुआ है। एकमात्र पश्चिम बंगाल ही है, जहां 75% से ऊपर वोटिंग हुई। 2019 में इन 96 सीटों पर 69.05%, 2014 में 69.01% व 2009 में 61.56% वोटिंग हुई थी। 2014 व 2009 के आंकड़ों में तेलंगाना की 17 सीटें नहीं हैं। इस बार पहले चरण में 66.14%, दूसरे में 66.71% और तीसरे में 65.68% मतदान हुआ था।

दिग्गजों में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की सीट पर सबसे कम 58% वोटिंग- पश्चिम बंगाल की बोलपुर सीट पर सबसे ज्यादा 80.36% वोटिंग हुई। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की कन्नौज सीट पर 60.89%, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की खूंटी पर 69.02%, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की बेगूसराय पर 58.14% और टीएमसी से मैदान में उतरे शत्रुघ्न सिन्हा की आसनसोल पर 71.19% मतदान रिकॉर्ड हुआ।

भारत सरकार
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
विज्ञापन संख्या 02/2024 (भर्ती-V)

संक्षिप्त सूचना

बीएआरसी होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट (एचबीएनआई) जो कि एक मानद विश्वविद्यालय है, के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

एमएससी के पश्चात रेडियोलॉजिकल भौतिकी में एक वर्ष का डिप्लोमा (रेडियोलॉजिकल भौतिकी में डिप्लोमा)

पाठ्यक्रम की अवधि	1 वर्ष (अगस्त 2024 से जुलाई 2025)
सीट की संख्या	30 (5 तक प्रायोजित सहित)
आयु सीमा (आयु 01/08/2024 को)	(ए) सामान्य श्रेणी – 26 वर्ष (ब) अन्य पिछड़ा वर्ग – 29 वर्ष (सी) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति– 31 वर्ष बेंचमार्क निशक्तता वाले व्यक्ति आयु में अधिकतम 10 वर्ष की छूट के लिए पात्र हैं। निचली चरम सीमा तक सीमित शारीरिक अक्षमताओं वाले उम्मीदवार परंतु जो खडे होने में, चलने–फिरने में और शारीरिक रूप से पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों, पर ही विचार किया जाएगा। प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए दिनांक 01/08/2024 को आयु सीमा 40 वर्ष है।
शैक्षणिक योग्यता	**भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री (एमएससी भौतिकी) साथ में समग्र अंक 60% से कम न हो और स्नातक की डिग्री (मुख्य विषय के रूप में भौतिकी के साथ) के समग्र अंक 60% से कम न हो, अनिवार्य है। इंटीग्रेटेड एमएससी (भौतिकी) करने वाले उम्मीदवार जिनके समग्र अंक 60% से कम न हो, भी पात्र हैं। ग्रेड प्रणाली के मामले में, विश्वविद्यालय से प्राप्त, ग्रेड से अंक प्रतिशत का परिवर्तन पद्धति को दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना चाहिए।** ऐसे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते है जिनका एमएससी (भौतिकी) का अंतिम परिणाम आना बाकी है परंतु वे अन्य रूप से पात्र हैं। उपरोक्त योग्यता के अलावा, प्रायोजित उम्मीदवार को भारत में सरकारी संस्थान (व्यक्तिगत निगरानी सेवाओं द्वारा समर्थित) के रेडियोथेरेपी विभाग में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।
वृत्तिका	**रुपये 25,000/- प्रति माह (गैर–प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए)**
आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख	**04/06/2024 (मंगलवार)**
लिखित परीक्षा की तारीख	**30/06/2024 (रविवार)**

- आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे । ऑनलाइन आवेदन के लिए सुविधा **दिनांक 14/05/2024 से दिनांक 04/06/2024 तक** उपलब्ध रहेगी।
- इस विज्ञापन से संबंधित शुद्धिपत्र/अनुशेष, यदि कोई हो, केवल बीएआरसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा ।
- आवेदन की सामान्य शर्तों एवं ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण हेतु कृपया वेबसाइट www.recruit.barc.gov.in / www.barc.gov.in पर जाएं।

पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीजन

यात्री लिफ्टों के संबंध में विद्युत कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या. Sr.DEE/ADI/08(24-25) **(1) निविदा संख्या :** EL-50-1-ADI-T-14-2024-25 **कार्य का नाम :** अहमदाबाद असारवा, भचाऊ, चांदलोडिया, हिम्मतनगर स्टेशन पर 08 नग यात्रीलिफ्ट उपलब्ध कराने संबंधित बिजली कार्य। **अनुमानित लागत :** ₹1,75,21,540/- **अर्नेस्ट मनी :** ₹2,37,600/- (2) निविदा संख्या : EL-50-1-ADI-T-15-2024-25 **कार्य का नाम :** अहमदाबाद -उंझा, वटवा, वीरमगाम स्टेशन पर 08 नग यात्री लिफ्ट उपलब्ध कराने संबंधित बिजली कार्य। **अनुमानित लागत :** ₹ 1,76,54,560/- **अर्नेस्ट मनी :** ₹2,38,300/- सभी निवदाओ के लिए : **निविदा प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय:** 03.06.2024 की 15:00 बजे तक उसके बाद नहीं। **निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख एवं समय :** 03.06.2024 को 15:30 बजे. **ऑफिस का पता :** सिनी. डिविज़नल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, डी. आर. एम. ऑफिस, चामुंडा पुल के पास, जी.सी.एस. अस्पताल के सामन, नरोड़ारोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद - 382345 **वेब साइट का पता:** www.ireps.gov.in ADI27

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

THE INFANTRY SCHOOL, MHOW (MP)

NOTICE INVITING TENDER

1. House Keeping Cell, The Infantry School Mhow invites sealed tender bids for supply of curtains details are as under:-

Ser No	Nomenclature	A/U	Qty	Remarks
(a)	Curtain 8x4ft	Nos	480	
(b)	Curtain 7x4 ft	Nos	740	
(c)	Curtain 6.5 ft	Nos	824	
	Total		2044	

2. **Tender Document :** Tender document instruction for bidder and detailed instruction can be obtained from House Keeping Cell, The Infantry School, Mhow from 0900 hrs to 1400 hrs on all working days from **15 May 2024 to 22 May 2024** to by paying Rs 500/- demand draft in favour of Student Officers Mess Fund Infantry School, Mhow

3. **Tender Details**
   (a) Tender Document Collection - 15 May 2024 to 22 May 2024
   (b) Pre Bid Meeting - 23 May 2024
   (c) Submission of Commercial Bid - 25 May 2024
   (d) Opening of Commercial Bid - 27 May 2024

O/C HKC
Infantry School
Mhow (MP)

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)

क्र. एम्स/आरपीआर/परीक्षा/2024/96 दिनांक: 08.05.2024

प्रवेश सूचना

पीएचडी पाठ्यक्रम – जुलाई 2024 सत्र

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर निम्नलिखित विभागों में **पीएचडी – जुलाई 2024 सत्र** में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है: **शरीर रचना विभाग – 2 सीट, जैव रसायन विभाग – 2 सीट, सामुदायिक और पारिवारिक चिकित्सा विभाग– 2 सीट, सामान्य चिकित्सा – 2 सीट, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग – 2 सीट, अस्थि रोग विभाग– 2 सीट, पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग – 2 सीट, फिजियोलॉजी – 2 सीट ।**

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ: 13.05.2024, ऑनलाइन फॉर्म और परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि: 02.06.2024

प्रवेश परीक्षा की तिथि: 19.06.2024 (पूर्वाह्न 10 से 11:30 बजे तक)

मास्टर ऑफ पब्लिक हैल्थ (एमपीएच)

क्र. एम्स/आरपीआर/परीक्षा/2024/97 दिनांक: 08.05.2024

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर **मास्टर ऑफ पब्लिक हैल्थ (एमपीएच) – 2024 सत्र** में नामांकन के लिए **प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। कुल सीट– 06 (अनारक्षित– 04, अनुसूचित जनजाति– 01, अन्य पिछड़ा वर्ग– 01)**

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ: 13.05.2024, ऑनलाइन फॉर्म और परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि: 02.06.2024, प्रवेश परीक्षा की तिथि : 26.06.2024 (बुधवार), समय– पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक, स्थान– एम्स रायपुर।

विस्तृत जानकारी, शुद्धिपत्र/अनुशेष/अद्यतन के लिए कृपया नियमित रूप से एम्स, रायपुर की वेबसाइट **www.aiimsraipur.edu.in** का अवलोकन करें।

- अधिष्ठाता (परीक्षा)

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़

विज्ञापन सं. पीजीआई/आरसी/043/2024/1407 **भर्ती सूचना** दिनांक : 13.05.2024

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के लिए सीनियर रेजिडेंट्स के 89 पदों, विभिन्न विशिष्टताओं में जूनियर/सीनियर डिमॉन्स्ट्रेटर्स के 14 पदों और सीनियर मेडिकल ऑफिसर के 03 पदों और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अधिकतम 03 वर्ष की अवधि के लिए पीजीआई सैटेलाइट सेंटर, संगरूर, पंजाब के लिए विभिन्न विशिष्टताओं में सीनियर रेजिडेंट के 13 पद को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

मदें	टाइमलाइन्स/ टिप्पणियां
रिक्तियों का विवरण और अनुपालन किये जाने वाले अन्य नियम/ निर्देश	www.pgimer.edu.in पर इस विज्ञा. सूचना के साथ विस्तृत दिशानिर्देशों के अनुसार
पीजीआईएमईआर की वेबसाइट www.pgimer.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि (होम पेज पर भर्ती लिंक)	13.05.2024
ऑनलाइन पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	19.05.2024
75 अंकों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) की तिथि	03.06.2024
परीक्षा शहर	भारत में 6 शहर (बेंगलुरु, चंडीगढ़ (ट्राइसिटी), दिल्ली/ एनसीआर, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई)

पात्र उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र केवल वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

आवेदन शुल्क
- बेंच-मार्क विकलांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी): शुल्क के भुगतान से छूट।
- एससी/एसटी वर्ग रु. 800/- प्लस लेनदेन शुल्क, जैसा लागू हो।
- सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सहित अन्य सभी के लिए : रु. 1500/- प्लस लेन-देन शुल्क, जैसा लागू हो।

उम्मीदवार उपरोक्त आवेदन शुल्क डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग का उपयोग करके 13.05.2024 से 19.05.2024 तक ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण: आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत दिशानिर्देश/जानकारी, पदों की संख्या, पात्रता मानदंड आदि के लिए संस्थान की वेबसाइट यानी www.pgimer.edu.in (होम पेज पर भर्ती लिंक) पर जा सकते हैं। सभी आवेदकों को नियमित रूप से वेबसाइट पर जाना आवश्यक है, क्योंकि बाद के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अद्यतन केवल संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

निदेशक

HDFC BANK

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ **एचडीएफसी बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक कब्जा ले लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण

क्रं.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	एचडीएफसी बैंक लि., इन्दौर मेसर्स इण्डोलेब्स लिमिटेड ए.बी. रोड़, पिगडंबर राऊ इन्दौर-453446 खाता क्रं. 0036279 0001289	**1. मेसर्स इण्डोलेब्स लिमिटेड जमानतदार** **2. स्व. श्री रमेश लुल्ला** उनके निम्न उल्लेखित क्रं. 3 से 5 तक कानूनी वारिसों द्वारा प्रतिनिधित्व **3. श्री धीरज लुल्ला** **4. श्री सिद्धार्थ लुल्ला** **5. स्व. श्री मनीष लुल्ला** उनके कानूनी वारिसों द्वारा प्रतिनिधित्व 5(ए) श्रीमती जेस्मिन लुल्ला 5(बी) कु. तान्या लुल्ला एवं 5 (सी) श्री तनिष्क लुल्ला **6. स्व. श्रीमती मंजू लुल्ला** उनके उपरोक्त उल्लेखित क्रं. 3 से 5 तक कानूनी वारिस साथ ही **(i) श्रीमती प्रिया लुल्ला पति धीरज लुल्ला एवं (ii) श्रीमती अंकिता लुल्ला पति सिद्धार्थ लुल्ला** द्वारा प्रतिनिधित्व	**1.** सर्वे नं. 51/3, प. हल्का नं. 01, ग्राम- पिगडंबर, ए.बी. रोड़, इन्दौर (म.प्र.) पर फेक्ट्री भूमि एवं भवन, जो **श्री रमेश लुल्ला** के नाम से है। **2.** 115 त्रिवेणी कॉलोनी, इन्दौर पर आवासीय संपत्ति, जो **स्व. श्रीमती मंजु लुल्ला** के नाम से है।	रु. **15,18,68,780.87** 31/07/2012 को बकाया राशि आगे के ब्याज के साथ ब्याज का समावेश @ 18% प्रतिवर्ष, 01.08.2012 से मासिक के साथ क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम भुगतान की तारीख तक, एवं **दिनांक- 25/09/2012**	**21/05/2024 एवं समय- प्रात: 10.00 बजे के बाद**	रु. **16,00,00,000/-** रु. **1,60,00,000/-** रु. **5,00,000/-**	**04/06/2024 प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक**	**01/06/2024 सायं 4 बजे तक**	आशिष रावत, मो.: 9981126266, Ashish.rawat9@hdfcbank.com सुनिल भानुशाली, मो.: 9323176985
						रु. **2,00,00,000/-** रु. **20,00,000/-** रु. **1,00,000/-**	**04/06/2024 दोपहर 1.00 बजे से दोपहर 03 बजे तक**		

बंधक संपत्ति की वास्तविक फोटो

नियम एवं शर्ते
1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : 57500000904261 खाता का नाम : DFSO TRANSITORY ACCOUNT : DOC SERV, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किस